इस बात को लेकर 13–11–86 को ऐडी ानल डिस्ट्रिक्ट जज जींद के यहां गया। उन्होंने जो फैसला दिया, उसको मैं आपको पढ कर सुनाता हूं।

श्री अध्यक्षः आपको पढ कर सुनाने की जरूरत नही है। आपका टाईम समाप्त हो गया है।

श्री रमे ा कुमारः अध्यक्ष महोदय, इस तरह से वित्त मंत्री जी को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है, इनको इस्तीफा दे देना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से ई वर सिंह, जो जींद के अन्दर म्यूनिसपल कमेटी का चेयरमैन है, उसके ऊपर इनके आदमियों ने गोलियां चलवायी थीं, लेकिर सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की है। अध्यक्ष महोदय, इस तरह से पब्लिक के साथ भेदभाव किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, यह सरकार सम्पत सिंह को देखने के लिये कहती है, उनके ऊपर बहुत से आरोप लगाती है, उनके ऊपर छापे डलवाती है, लेकिन मैं इनसे कहना चहता हूं कि अगर एक पैसे का भी आरोप सम्पत सिंह के खिलाफ मिल जाए तो हमारे सभी साथी सदन से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। अध्यक्ष महोदय, इस तरह के झूठे आरोप लगाकर ये हाऊस को गुमराह कर रहे हैं।

श्री अध्यक्षः अब आप बैठिये, आपका टाईम समाप्त हो गया है।

वित्त मंत्री (श्री मांगे राम गुप्ता): अध्यक्ष महोदय, आज सदन में जो एप्रोप्रिये ान बिल पे ा किया गया, उस पर माननीय सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की है। अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि जितना समय इस सैं ान में बजट पर चर्चा करने का माननीय सदस्यों को दिया है और भाायद ही कोई माननीय सदस्य इस हाउस का बाकी रहा होगा जिसने अपने हल्के के बारे में स्टेट के बारे में चर्चा न की हो। पूरा समय आपने दिया और अध्यक्ष महोदय, लगातार तीन दिन से माननीय सदस्यों की बातें हाउस में चर्चा के रूप में आई, चाहे वह हल्के की मांग थी। चाहे सरकार पर नुक्ताचीनी थी, नोट कर रहे हैं। मुख्य मंत्री जी द्वारा दूसरे मंत्रियों एवं मेरे द्वारा उस पर पूरे स्पश्टीकरण दिए गए। मांगों के बारे में भी पूरा वि वास दिलाया गया है। सरकार पूरी सहानुभूति से इस पर गौर करेगी और किसी से भेदभाव नहीं करेगी, क्योंकि इसमें विधायक का सवाल नहीं है। हरियाणा की जनता ने अपना नुमाइंदा चुनकर विधान सभा मे ंभेजा है। वह हरियाणा की एक करोड 65 लाख जनता की सरकार है। सरकार विकास के कार्यक्रम में कोई भेदभाव नहीं रखती। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में 7 हजार के करीब गांव हैं और इनके 90 विधायक हैं, हर विधायक के हल्के में किसी में 50, किसी में 60, किसी में 70 गांव हैं। हर विधायक की अलग अलग मांगों को जोडा जाए और इस पर जवाब दिया जाए यह हमारा कर्त्तव्य है। कोई विधायक स्कूलों के अपग्रेड करने के बारे में कहता है कि उसके हल्के का स्कूल मिडल से हाई स्कूल नहीं हुआ। अगर हाई स्कूल हो जाए तो 10 जमा 2 नहीं

हुआ, कोई कस्बा है तो उसमें कालेज नहीं खोला गया। गांव में अस्पताल नहीं है, स्कूल में स्टाफ नहीं है। पीने के पानी का इंतजाम सरकार ने किया है, सडकों का जिक्र है। हरियाणा में भाायद ही कोई गांव ऐसा होगा जो एक सडक से न जुडा हो। रामपाल सिंह जी का गांव तो 6 सडकों से जुडा हैं यह विकास की ही बात है। सडके की मुरम्मत की ि ाकायत हो सकती है, जो चीज बनेगी, उसको इस्तेमाल किया जाएगा उस पर ट्रक, ट्रैक्टर और छोटी सवारी भी चलती है। एक खास बीमारी यह कि गांव हो या भाहर हो, घर का पानी टूटी का पानी, नलके का पानी सडक पर जमा हो जाता है। उस सडक का ध्यान उस वक्त कोई भी व्यक्ति नहीं करता लेकिन सडक पर जो पानी जमा हो जाता है, यह सडक को बरबाद करता है। तारकोल और पानी का बैर ऐसा है जैसे सांप और न्योले का हैं समय समय पर मुरम्मत करायेंगे। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों से मैं यही निवेदन करना ाहता हूं कि आपकी जो मांगें हैं चाहे सडक की मुरम्मत की है और चाहे सडक बनाने की है, उसको पूरा करने की कोि ा ा की जाएगी। कुछ माननीय सदस्यों ने एतराज किया कि कुछ सडकें अधूरी रह गई हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह सकता हूं कि सरकार का पूरा प्रयास होगा कि हरियाणा की कोई सडक बिना मुरम्मत न रहें। आज चारों तरफ सडकों पर काम होता दिखाई देता है। चाहे जी0टी0 रोड की बात है और फोर लेनिंग की बात है और चाहे पुल बनाने की बात है। स्पीकर साहब, हरियाणा में इस बात की मिसाल नहीं मिलेगी कि पानीपत के अन्दर दो पुल यानि दो ओवर

ब्रिज एक ही समय में बनाए गए हैं। ऐसी मिसाल अभी तक नहीं है। यह पानीपत के लोगों की मांग थी और इसको हमारी सरकार ने पूरा किया है। सतबीर सिंह कादियान पानीपत के बारे में बहुत बात करते हैं .....

श्री सतबीर सिंह कादियानः हमारी सरकार इनको मंजूर करके गई थी।

श्री मांगे राम गुप्ताः तुम्हारी सरकार क्या करके गई थी यह हमें अच्छी तरह से पता है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यों को वि वास दिलाता हूं। कई विपक्ष के सदस्यों ने स्वीकार किया है कि काम तब तक पूरे नहीं हो सकते जब तक कि प्रदे ा के अंदर वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं होगी। सरकार का प्रयास है कि अपने रिसोर्सिज बढाए जाएं। सरकार इस बारे में काफी चिन्तित है। आज टैक्स लगाना बहुत मु कल है। हर आदमी की नौकरी की मांग है और जो लोग नोकरी में लगे हुए हैं उनको नौकरी से निकाला नहीं जा सकता। सरकार ने अपने खर्च में कमी करने का काफी प्रयास किया है और रिसोर्सिज बढाने के लिए हम एक कमेटी का गठन कर रहे हैं। उस कमेटी के द्वारा जो सुझाव होंगे उन पर अमल करके रिसोर्सिज बढाएं जाएंगे। रिसोर्सिज जब बढ जाएंगे तो नहर का पानी भी मिल पाएगा, स्कूल पूरे खुल जाएंगे, अस्पताल बढाने की को ा ा की जाएगी और पीने के पानी की अच्छी व्यवस्था हो सकेगी। यहां पर पानी और बिजली के बारे में काफी कुछ कहा गया है। मुख्य मंत्री जी भी

और मैं भी मानता हूं कि किसान के खेत में पूरा पानी नहीं पहुंचा है, पानी की कमी है। स्पीकर साहब, मैं तो सभी सदस्यों को इतना ही वि वास दिला सकता हूं कि जब तक एस0वाई0एल0 का पानी नहीं आ जाएगा तब तक किसान के खेत में पानी की कमी बनी रहेगी। टेल पर भी पूरा पानी नहीं पहुंचेगा और खेत में पानी की कमी रहेगी। लेकिन आज मैं पूरे वि वास के साथ कह रहा हूं कि आप चिन्ता न करें। यह सरकार इस मामले में चिन्तित है और यह सरकार एस0वाई0एल0 का पानी लाएगी और किसान को खेत के पानी के लिए कोई दिक्कत नहीं रहेगी और उसी के साथ पीने के पानी का संबंध जुडा हुआ है। (ाोर एवं व्यवधान)। समय सीमा नहीं बांधी जा सकती क्योंकि मामला काफी उलझा हुअ ा है। समय तो पहले भी सरकारें देती रही हैं लेकिन कभी वायदा पूरा नहीं किया गया। स्पीकर साहब, यहां पर बिजली की चोरी के बारे में जिक्र किया गया कि बिजली की चोरी हो रही है। अध्यक्ष महोदय, इस बात को मुख्य मंत्री जी ने भी माना है। यह इतना बडा महकमा है। फील्ड से लेकर ऊपर तक कितने मुलाजिम हैं। चोरी जरूर हो रही है इससे इंकार नहीं कर सकता लेकिन मुख्य मंत्री जी ने वि वास दिलाया है कि चोरी को दूर करने की पूरी कोि ा ा की जाएगी। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की एक डिमाण्ड थी कि बिजली बोर्ड का चेयरमैन कोई टैक्नोक्रेट लगाया जाए उसको पूरा कर दिया है। बिजली की चोरी कादियान साहब 30–32 परसैंट थी और अब वह 24–25 परसैंट तक आ गई है और मुझे वि वास है कि लाइन लौसिज बीस पच्चीस परसैंट तक

ले आएंगे। अध्यक्ष महोदय, एक बात रमे ा कुमार ने कही कि जीरी के भाव के बारे में बनिया लूट लेता है। मैं इससे पूछना चाहता हूं कि क्या इसने कभी जीरी बेची है। तुझे क्या पता है कि जीरी कौन बेचता है। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि किसान का माल मण्डी में जो बिकने के लिए आता है, अगर कोई आडती किसान के साथ हेराफेरी करता है, बेईमानी करता है तो वह नालायक है। किसान के माल को बेचने के लिये अगर कोई कोताही करता है तो वह आडती आडती कहलाने का हकदार नहीं है, वह बेईमान है।

इससे आगे मैं अपने भाई जयपाल जी की बात का भी उत्तर अव य देना चाहूंगा। उन्होंने यहां बोलते हुए एक समस्या का जिक्र किया कि यमुना के किनारे जो खाद एरिया है, उसमें उनका इलाका लगता है और वहां पर यमुना की जमीन, दरिया में कटाव होने के कारण कभी इधर हो जाती है तो कभी उधर चली जाती है। उस जमीन पर यू0पी0 के लोगों ने कब्जा किया हुआ है, खाने बनाई हुई हैं और वे लोग 20–20 सालों से रह रहे हैं। इन्होंने कहा कि उन लोगों को हटाया जाए क्योंकि इस कारण से कभी न कभी झगडा भी हो सकता है। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि हमने वहां के डी0सी0 व कमि नर को यह हिदायतें दे रखी हैं कि वे अपने कांउटर पार्ट के साथ जल्दी ही मीटिंग करें। यदि यू0पी0 के किसी आदमी ने किसी खान पर या किसी जमीन पर कब्जा कर रखा है तो उसको छुडाया जाये। मैं जयपाल जी को

वि वास दिलाना चाहता हूं कि वहां पर इस कारण से किसी झगडे की नौबत हम कभी नहीं आने देंगें।

अध्यक्ष महोदय, यहां पर बिजली की चोरी की बात भी हुई। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मेरे भाई बार बार पानीपत का जिक्र करते हैं। मैं इनको बता देता हूं कि मेरा लडका 15 सालों से पानीपत में अपनी फैक्टरी चला रहा है। आपने कभी उसका कोई जिक्र सुना ही नहीं होगा फिर आप लोग कैसे उस फैक्टरी की बात कह रहे हैं ? मैं बताना चाहता हूं कि उस फैक्टरी का बिजली से कोई ताल्लुक ही नहीं है औरा न ही सेल्ज टैक्स का कोई ताल्लुक है। वह तो हैण्डलूम का काम करता है, हाथ से कपडा बनाता है। मैं तो इतना ही कहना चाहता हूं कि अगर बिजली की चोरी को रोकना है तो इसका प्रबन्ध हमारे सभी विधायक भाई मिल कर कर सकते हैं। पानी की चोरी को रोकनाभी हम सबका कर्त्तव्य है। हम सब विधायकों का फर्ज बनता है, चाहे वे ट्रेजरी बैंचिज से हैं, चाहे वे विपक्षी दलों से हैं, अगर सभी विधायकों का सरकार के साथ पूरा सहयोग होगा, सभी विधायक पूरा सहयोग देंगें तो चोरियों पर काबू पाया जा सकता है। सभी अपना सहयोग सरकार को दें, पुलिस को दें और हमारे संबंधित अधिकारियों को दें, इस तरह बिजली की चोरी नहीं होगी और पानी के कट को भी रोका जा सकता है।

इससे आगे मैं ि ाक्षा के बारे में भी बताऊंगा। कई माननीय सदस्यों ने बोलते हुए कहा कि स्कूलों की बुरी हालत है,

वहां पर स्टाफ नहीं है। मैं इतना ही कह सकता हूं कि हमने टीचर्ज की भर्ती कर ली है और जहां जहां स्कूलों में स्टाफ की कमी है, वहां वहां जल्दी ही स्टाफ तैनात कर दिया जाएगा और यह काम अगले सै ान तक पूरा कर लिया जाएगा। किसी भी स्कूल में स्टाफ की कमी नहीं रहेगी। सभी सदस्यों ने अलग अलग सडकें गिनवाई, माइनर गिनवाए तथा और बातें बताई, ये सारी मांगे हम संबंधित महकमों को भिजवा देंगे और सभी मंत्रियों और अधिकारियों से कहेंगे कि फंडज की उपलब्धि को देखते हुए इन कामों को पूरा करने की कोि ा ा करें। किसी के साथ भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा। इन भाब्दों के साथ मैं दर्खास्त करूंगा कि इस बिल को सर्व सम्मति से पास कर दिया जाए।

Mr. Speaker: Question is-

That the Haryana Appropriation (No. 2) Bill be into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will consider the Bill clause by clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Schedule

Mr. Speaker: Question is-

That the Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is-

That the Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is-

That the Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, the Finance Minister to move that the Bill be passed.

वित्त मंत्री (श्री मांगे राम गुप्ता): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :– कि विधेयक पास किया जाए।

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Bill be passed.

साथी लहरी सिंह (रादौर, अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, सबसे पहले मैं ि ाक्षा के बारे में निवेदन करूंगा। आज स्कूलों में जो माहौल है, वह वास्तव में सरकार को भी मानना पडेगा कि किसी भी स्कूल में अध्यापक पूरे नहीं है। आज सबसे बडी जरूरत नैतिक ि ाक्षा की है। आज हमारे प्रदे ा का यह हाल है, इससे बहिन जी भी सहमत होंगी और मुख्य मंत्री जी भी सहमत होंगे, किसी भी स्कूल में चले जाइए, वहां टीचर्ज की कमी होगी। ऐसे स्कूल में ि ाक्षा पूरी तरह से ग्रहण नहीं हो पाएगी। इसी तरह से अगर स्कूलों में ि ाक्षा देने वाले अध्यापक जो ने ान के निर्माता हैं, स्कूल में बैठ कर बीडी पीएंगे या बच्चों से भाराब की बोतल मंगवाएंगे तो प्रदे ा के बच्चों के चरित्र पर बडा भारी असर पडेगा। इसलिए यह हमारा सबका फर्ज है कि नैतिकता को बढाने के लिए कम से कम ऐसे नियम बनाएं जिससे यह बैन लगे कि कोई भी टीचर स्कूल में बीडी सिगरेट नहीं पी सकता। बच्चों को अच्छी से अच्छी ि ाक्षा दें ताकि उनका चरित्र अच्छा हो। चरित्र निर्माण के लिए सारे हाउस का ही नहीं, बल्कि सारी

जनता का योगदान चाहिए। इसलिए सबसे पहले हम इस बात की कसम खाएं कि चाहे इमीर की बच्ची है, चाहे गरीब की बच्ची है, सबको स्कूल में पढने के लिए जाना चाहिए। उसको ि ाक्षा जरूर देनी चाहिए। मात्र ि ाक्षा देने से बहुत से खानदान सुधरते हैं। लडकी ि ाक्षा पा कर कितने खानदानों को सुधारती है। मात्र ि ाक्षा में बहुत ताकत है। यह ताकत बहुत ज्यादा सामाजिक सुधार कर सकती है। मातृ भाक्ति अपने लिए कभी कुछ नहीं मांगती। लडकी अपने मां बाप का ध्यान रखती है, उनकी सेवा करती है और इसके साथ साथ स्कूल का काम भी करती है। इतना कुछ करते हुए भी लडके के मुकाबले में पढ कर सबसे आगे आकर दिखाती है। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि समाज को मातृ भाक्ति का आदर करना चाहिए। हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए जिससे हम अपनी लडकियों को अच्छी तरह से पढा सकें। स्पीकर साहब, आज हमारे प्रदे ा के स्कूलों की बिल्डिंगं अनसेफ हैं उनके अंदर बच्चे बैठ नहीं सकते। इसके साथ साथ मैं एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि प्राईवेट कालेजिज और स्कूल वालों की मांग है कि उनकी पोस्टें बढाई जाएं हालांकि सरकार को उनकी तनख्वाह नहीं देनी पडती, इसलिए उनकी पोस्टें बढाने में सरकार को कोई दिक्कत भी नहीं होनी चाहिए। आज प्राइवेट कालेजिज और स्कूलों में छात्र छात्राओं की संख्या बहुत ज्यादा बढ चुकी है इसलिए स्टूडैंटस की रे ाों के हिसाब से पोस्टें बढा दी जाए। इसी तरह से मैं कहना चाहूंगा कि सरकार सडकें बनाने के बारे में और उनको ठीक करवाने के बारे में ध्यान दें। दादुपुर नलवी नहर की

तरफ भी ध्यान दे और जमुना नदी के वाटर की तरफ भी ध्यान दें। इसी तरह से पुलिस की भर्ती में ि ाडयूल्ड कास्टस का रिजर्वे ान के हिसाब से कोटा पूरा नहीं है, जे0बी0टी0 में कोटा पूरा नहीं है। मैं चाहूंगा कि रिजर्वे ान के हिसाब से ि ाडयूल्ड कास्टस का हर पोस्ट में कोटा पूरा होना चाहिए।

Mr. Speaker: Question is-

That the Bill be passed.

The motion was carried.

(3) दि महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1993

(4) दि कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1993

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे प्रार्थना है कि महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी बिल तथा कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी बिल, ये दो एक ही प्रकार के हैं। ये दोनों बिल एक साथ ही टेक अप कर लिए जाये तो अच्छा होगा।

प्रो0 सम्पत सिंह: ठीक है जी, दोनों बिल इकटठे ही मूव करवा लें।

श्री अध्यक्ष: आपकी बात ठीक है। Both the Bills will be taken up together and the members can speak on them but at the conclusion of the discussion, the motions in respect of these Bills will be put to vote, separately.

Now, the Education Minister will introduce both the Bills and also to move the motions for their consideration.

ि ाक्षा मंत्री (श्रीमती भाांति राठी): अध्यक्ष महोदय, मैं महर्शि दयानन्द वि ववविद्यालय (सं ाोधन) विधेयक, 1993 प्रस्तुत करती हूं।

मैं यह भी प्रस्ताव करती हूं कि –

महर्शि दयानन्द वि ववविद्यालय (सं ाोधन) विधेयक 1993 पर तुरन्त विचार किया जाये।

अध्यक्ष महोदय, मैं कुरूक्षेत्र वि ववविद्यालय (सं ाोधन) विधेयक 1993 भी प्रस्तुत करती हूं।

मैं यह भी प्रस्ताव करती हूं कि–

कुरूक्षेत्र वि ववविद्यालय (सं ाोधन) विधेयक 1993 पर तुरन्त विचार किया जाये।

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Maharshi Dayanand University (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

That the Kurukshetra University (Amendment) Bill also be taken into consideration at once.

सिंचाई मन्त्री (चौधरी जगदी ा नेहरा): स्पीकर साहब, इन बिलों पर डिस्क ान से पहले मैं अपनी पर्सनल एक्सप्लेने ान

देना चाहूंगा। स्पीकर साहब, आज क्वै ाचन आवरी के बाद जीरो ओवर में माननीय अपोजी ान लीडर ने एक बात कहनी चाही थी। माननीय अपोजी ान लीडर ने आपकी सेवा में एक काल अटैं ान मो ान भी दी थी, वह भाायद आपने विचाराधीन रख ली।

प्रो0 सम्पत सिंहः वह तो अगले सै ान तक के लिए इन्होंने अंडर कंसिड्रे ान रख ली है।

चौधरी जगदी ा नेहराः अगले सै ान तक के लिए तो भाायद वह विचाराधीन नहीं रह सकता। माननीय अपोजी ान लीडर ने बोलते–2 उस काल अटैं ान मो ान के बहाने से एक बात कहनी चाही थी।

Mr. Speaker: All those Call Attention Motions that were under consideration, have been disallowed.

चौधरी जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, अपोजी ान लीडर ने उस काल अटैं ान मो ान के बहाने एलीगे ान लगा दिए। उन एलीगे ान के बारे में मैं कहना चाहूंगा। (व्यवधान) I am speaking under the procedure, Sir.

प्रो0 राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, दोनों विधेयकों पर चर्चा के लिए बहन जी ने विधेयक मूव कर दिये हैं अब ये इस पर बोलने के लिए खडे हो गए हैं, क्या यह जीरो आवर है ?

Ch. Jagdish Nehra: Sir, a Minister can give personal explanation at any time.

Prof. Ram Bilas Sharma: No, Sir.

Ch. Jagdish Nehra: Sir, personal explanation can be given by a Minister at any time.

श्री अध्यक्षः पर्सनल एक्सप्लेने ान दिया जा सकता है।

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, मेरा पर्सनल एक्सप्लेने ान यह है कि चौधरी सम्पत सिंह ने एक पेपर का हवाला दिउया और कहा कि साजि ा रची गई है। काफी कुछ बातें ये अपनी स्टेटमैंट में कह गए। (ाोर एवं विघ्न) इन्होंने अखबार पंजाब केसरी का हवाला देते हुए कहा है कि पंजाब केसरी में यह खबर आयी है कि वहां पर सिरसा में किसी को मारने की साजि ा रची गई है। मैं कहना चाहता हूं कि यह बात बिल्कुल बेबुनियाद और झूठी है। पता नहीं ये कैसे अखबारों में खबर छपवा लेते हैं ? (विघ्न) इनकी बातों में कोई सच्चाई नहीं है। सिरसा में जो झगडा हुआ, उस झगडे में मेरा कोई संबंध नहीं है। इस तरह की कोई बात कहना इनको भाोभा नहीं देता। (विघ्न) इस अखबार की खबर के बहाने ही ये काल अटैं ान मो ान लाना चाहते थे। उसी पर मैं अपनी पर्सनल एक्सप्लेने ान देने के लिए खडा हुआ हूं अतः मेरा पुनः यही कहना है कि अखबार में छपी खबर के ऊपर जो इन्होंने काल अटैं ान मो ान दिया है। यह खबर सरासर बेबुनियाद झूठी है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है। इनका मुझे बदनाम करने के सिवाये और कोई मकसद नहीं है। (धन्यवाद)

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, नेहरा साहब ने अपनी बात कह दी। मैं यह कहना चाहता हूं कि अखबार में जो ब्यान दिया गया, वह कांग्रेस (आई) के एक मैम्बर ने लगाया है। उसने सिरसा में एक अच्छी इण्डस्ट्री लगायी है और उस इण्डस्ट्री का उदघाटन करने के लिए स्वयं मुख्य मंत्री जी भी गए थे। वह माननीय मैम्बर मंत्री श्री लछमन दास अरोडा जी का सन इन ला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नेहरा जी ने उनको मारने के लिए साजि ा रची है, बल्कि राउल सेतिया उद्योगपति मलकियत सिंह और सिरसा की राज्य मंत्री श्रीमति संतोश सारवान हैं, उनको भी मारने की साजि ा रची गई है। इस काम में उग्रवादियों का यानि उग्रवादी लखमिन्दर सिंह उर्फ लखा का सहारा लिया। Sir, it is a very serious matter. इसलिए मैं चाहता हूं, स्पीकर साहब, इसकी इंकवायरी करवायी जाये या मुख्य मंत्री जी अपने लैवल पर जांच करवा लें और इसकी रिपोर्ट अगले सै ान में रखें, क्योंकि एक मंत्री को दूरे मंत्री से खतरा हो, एक इण्डस्ट्रीलिस्ट को खतरा हो या दूसरे लोगों को मारे जाने का खतरा हो, तो इसकी बाकायदा जांच हो और अगले सै ान में इसकी रिपोर्ट पे ा की जाये।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मैं बात स्पश्ट करना चाहता हूं। यह ठीक बात है कि वहां पर झगडा हुआ है। झगडा ऐसे हुआ कि एक ट्रक ड्राईवर ने कोई मि0 गिल एडवोकेट हैं, उनके घर के बाहर ट्रक खडा कर दिया।

गिल साहब, भाराब पिए हुए थे। उसने ट्रक ड्राईवर को कहा कि यहां मेरे घर के सामने ट्रक क्यों खडा कर दिया है ? ड्राईवर कहने लगा कि मैंने तो ट्रक सडक पर खडा किया है। इस पर उसने उसको थप्पड मारा और आपस में हाथापाई हो गयी। उसने टेलीफोन कर दिया और पुलिस आ गई। पुलिस ने 107/150 की दफा के तहत केस दर्ज कर लिया। इसलिए मैं सदन की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि न तो किसी को मारने की बात है, और न ही ऐसी कोई बात सोची जा सकती है, और न ही उनको किसी बात का कोई खदसा है। अगर ऐसी कोई बात होगी तो हम उसका पूरा इंतजाम करेंगे।

प्रो0 सम्पत सिंह (भटटू कलां): स्पीकर सर, दो यूनिवर्सिटीज के अमैंडिंग बिल सदन में लाए गए हैं। एक महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी का है और दूसरा कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी का है। इन बिलों से ऐसी मं ाा जाहिर हो रही है कि यूनिवर्सिटी के वाईस चान्सलर की पावर्ज को यह सरकार कम करना चाहती है। (विघ्न) स्पीकर सर, आपको पता है कि एजूके ान का मामला कन्करण्ट लिस्ट में आता है। पिछले दिनों कैबिनेट ने नकल विरोधी एक प्रस्ताव पारित किया था। वह प्रस्ताव गवर्नर को आर्डिनैंस के रूप में भेजना था लेकिन बाद में सरकार को कैबिनेट से प्रस्ताव पास कराने के बाद पता लगा कि वे ऐसा नहीं कर सकते। इस बारे में मुख्य मंत्री जी ने बयान भी दे दिया था कि नकल को क्राईम घोशित किया जाएगा। जब इन्होंने इस बारे में

राय ली तब इन्हें पता लगा कि ये इसे क्राईम घोशित नहीं कर सकते क्योंकि यह मामला कन्करण्ट लिस्ट में भाामिल है और जब तक सैंट्रल गवर्नमैंट से इसकी मंजूरी नहीं लेंगे तब तक स्टेट लैवल पर यह बात नहीं हो सकेगी और आर्डिनैंस लीगल टैस्ट पास नहीं कर पाएगा। स्पीकर सर, यही बात मैं इस ऐक्ट के बारे में कहना चाहता हूं कि ये ऐजूके ान का सब्जैक्ट है और कन्करण्ट लिस्ट में है। जो अमैंडमैंट लेकर ये आए हैं उसमें कल को बडे झगडे होंगे और इसी तरह से लीगल हिडस्पयूटस आऐंगे। इसमें इन्होंने किसी लीगल एक्सपर्ट से राय नहीं ली है। इस प्रकार की राय कोंकि लिए यू0जी0सी0 है। यू0जी0सी0 यूनिवर्सिटीज को ग्रान्टस देती है क्योंकि अकेले गवर्नमैंट की ग्रांट से इनका काम नहीं चल सकता। यू0जी0सी0 से बडी ग्रांट आती है, तब यूनिवर्सिटीज का काम चलता है। ग्रांटस की वजह से यू0जी0सी0 का यूनिवर्सिटीज में बहुत बडा दखल रहता है। टाईम टू टाईम यू0जी0सी0 का यूनिवर्सिटीज ऐक्ट भी यूनिवर्सिटीज को देती रहती है। (विघ्न) पिछले दिनों सभी यूनिवर्सिटीज को यू0जी0सी0 ने एक माडल ऐक्ट भेजा है ताकि सभी यूनिवर्सिटीज इसको एडाप्ट करें। ये भी कम से कम माडल एक्ट को स्टडी कर लेते और पता लगा लेते। उससे पहले ही एकदम आनन फानन में कदम नहीं उठाना चाहिए। कोई वाईस चान्सलर इनको पसंद नहीं है। इसका यह मतलब नीं है कि उसकी पावरज को कट कर दो। आज एक पर्टिकुलर आदमी वाईस चान्सलर है, कल कोई दूसरा आदमी आ जाएगा। स्पीकर सर, यह एक इन्स्टीच्यू ान है और इसका एक

कन्टीन्यूएस प्रोसेस है कि आदमी बदलते रहते हैं। आज एक आदमी है कल को कोई दूसरा और आ जाएगा। इसलिए स्पीकर सर, जल्दबाजी में इस तरह की कोई अमैंडमैंट नहीं लानी चाहिए। इसी तरह से यू0जी0सी0 ने पाण्डीचेरी के वाईस चान्सलर ज्ञानक की अध्यक्षता में एक कमेटी बिठाई थी। उस कमेटी ने, गवर्नमैंट आफ इण्डिया की हयूमन रिसोर्सिज मिनिस्ट्री को अपनी रिपोर्ट सबमिट कर दी है। उन्हौंने साफ लिखा है कि अगर यूनिवर्सिटीज से आपको ठीक काम लेना है और वास्त्व में आप यूनिवर्सिटीज को ही स्वायत्ता देना चाहते हैं तो वाईस चान्सलर की पावर्ज को बढाना पडेगा तथा उसके आफिस को स्ट्रैन्गथन करना पडेगा। स्पीकर सर, इन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया है। पिछली बार भी हमने विरोध किया था कि जो पी0वी0सीज0 लगाये हैं, उनकी वजह से सारी समस्याएं आ रही हैं। पी0वी0सीज0 की मार्फत ये यूनिवर्सिटीज में अपना दखल चाहते हैं। स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग इस वक्त हैं, उनकी जब टर्म पूरी हो जाएगी तो ये अपने आदमी को वहां पर वाईस चान्सलर लगा लेंगे। लेकिन सदा के लिये यह ऐक्ट बदल जाएगा जिससे हमे ाा के लिए यूनिवर्सिटीज को दिक्कत रहेगी। स्पीकर सर, अगर वाईस चान्सलर के पास पावर ही नहीं होगी तो आप जानते हैं कि स्टुडैंटस से निपटने में कितनी प्रौब्लम होगी ? यूनिवर्सिटीज में स्टुडैंटस से निपटना बहुत बडी प्रौब्ल्म है। जिस ढंग के हालात आज हैं, उनके पास पावर्ज बहुत जरूरी हैं। वाईस चांसलर की जो ऐमरजैंसी पावर्ज हैं, वे ऐसी पावर्ज हैं जैसे कैबिनेट के पास

आर्डिनैंस इ ा करने की पावर्ज हैं। अगर किसी ऐक्ट की जरूरत होती है और हाउस बैठा नहीं होता, असैम्बली आने में कुछ दिन लग जाते हैं तो गवर्नमैंट पब्लिक की भलाई के लिए आर्डिनेस लेकर आती है उसकी गवर्नर से मंजूरी मिल जाती है और वह कानून की भाक्ल ले लेता है, फिर 6 महीने के भीतर असैम्बली उसको पास कर देती है। इसी तरह से ऐमरजैंसी पावर्ज वाईस चान्सलर के पास हैं लेकिन आज यह सरकार उनको खत्म करने जा रही है। इसका मतलब यह हुआ कि वाईस चान्सलर का पद सैरेमोनियल पद बना कर रख देंगे। स्पीकर सर, लास्ट में इन्होंने डिसिजन औफ ऐग्जिक्यूटिव कौंसिल इसमें लिखा दिया है कि सभी फैसले एग्जिक्यूटिव कौंसिल में होंगे। अगर गवर्नमैंट का नोमिनी उनकी हां मं हां नहीं मिलाता, गवर्नमैंट के नोमिनी की कन्सैंट नहीं होती है तो फैसला नहीं माना जाएगा। स्पीकर सर, इसका मतलब क्या होगा ? उस एग्जिक्यूटिव कौंसिल में बाकी जितने और मैम्बर्ज हैं, उनके पास कोई पावर नहीं है। स्पीकर सर, इसी तरह से यह गवर्नमैंट अपने नोमिनी को वीटो पावर देना चाहती है। (विघ्न)

Mr. Speaker: Sampat Singh Ji, this is regarding creation of new posts. (Interruptions).

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, इसमें साफ है कि उसकी कन्सैंट के बिना उसका कोई फैसला नहीं माना जाएगा। मैं उसको पढकर सुना दूं। उसमैं बाकायदा उसकी सहमति जरूरी है। अगर

गवर्नमैंट का नोमिनी डाईसैंट नोट दे देता है तो वह फैसला नहीं माना जाएगा। स्पीकर सर, इसका मतलब क्या है ? इसका मतलब यह है कि इनके जो ऐजुके ान सैक्रेटरी या ज्वाइंट सैक्रेटरी या डिप्टी सैक्रेटरी नोमिनी के रूप में वहां जाएंगे, उसको वीटो की पावर दी जा रही है। स्पीकर सर, यह बिल्कुल गलत बात यूनिवर्सिटीज के अन्दर हो रही है। इसका मतलब है कि वाईस चांसलर की जरूरत ही नहीं है। आप ऐसा करें कि ज्वांइंट सैक्रेटरी को ऐक्स ओफिसियो वाईस चांसलर बना दे, फिर वाईस चांसलर की जरूरत ही नहीं रह जाएगी। इसलिए मेरा गवर्नमैंट से कहना है कि वह ऐसी अमैंडमैंट न करे और इस बिल को वापिस ले लें। स्पीकर सर, ये एक तरफ तो पी0वी0सी0 की पोस्ट पर दस लाख रूपया खर्च करते हैं, जो कि सरमोनियस सुपर फलुअस पोस्ट हैं। डा0 राम प्रका ा स्वयं वहां पर रह चुके हैं ये जानते हैं। स्पीकर सर, उस पोस्ट की जरूरत क्या है ? इसके अलावा, दूसरी तरफ वाईस चांसलर एक एक पोस्ट के लिए तरस रहे हैं क्योंकि यूनिवर्सिटी में रिक्रूटमैंट पर पाबन्दी लगी हुई है। स्पीकर सर, कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी में तो इन्होंने पाबन्दी खोल रखी है लेकिन महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी में रिक्रूटमैंट पर पाबन्दी लगा रखी है। वहां पर टीचिंग और नान टीचिंग कर्मचारियों की भर्ती नहीं होगी। सरकार को पसंद और नापसन्द के हिसाब से काम नहीं करना चाहिए। स्पीकर सर, सरकार यूनिवर्सिटी की स्वायत्ता को खत्म करना चाहती है और ऐजूके ान डिपार्टमैंट की तरफ से यूनिवर्सिटी अलग है। यह ठीक है कि उसको स्वायत्ता देनी

चाहिए, पावर देनी चाहिएं ताकि वहां की यूनिवर्सिटी, बच्चों की और वाईस चांसलर की इज्जत बढ सके, स्टेट की इज्जत बढ सके। लेकिन इस तरह का स्टप हिन्दुस्तान में तो सिर्फ हरियाणा सरकार ही ले रही है और किसी भी यूनिवर्सिटी के अन्दर ऐसा अमैंडिंग बिल नहीं लाया जा रहा। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वक्त रहते हुए वह इसको वापस ले ले।

श्री अध्यक्षः इसमें तो लिखा हुआ है–

Any decision in the matter involving additional financial liability and those relating to annual budget ....."

Prof. Sampat Singh: The vice Chancellor is more responsible than the Educaton Secreatary, Joint Secretary or the Deputy Secretary. जो वहां पर मौके पर हैं, उनकी तो कोई कीमत नहीं होगी लेकिन जो सरकार की तरह से डिपार्टमैंट का नौमिनी जाएगा, उसकी कीमत होगी और उसको पावर भी होगी।

डा0 राम प्रका ा (थानेसर): स्पीकर साहब, आज के इन विधेयकों मे ंदोनों वि ववविद्यालयों के बारे में कुछ बातें लिखी गयी हैं। इनमें से कुछ बातों का तो मैं स्वागत करूंगा क्योंकि मैं समझता हूं किसी व्यक्ति को निरंकु ा नहीं होना चाहिए। इसके अलावा पावर और फंक ांज इस ढंग से होने चाहिएं कि यूनिवर्सिटी के सिस्टम को डैमाक्रेटाईज किया जा सके। इसलिए जहां मैं इन बातों का समर्थन करूंगा, वहीं हमें यह भी देखना है

कि यूनिवर्सिटी एक आटौनोमस संस्था है, इसलिए उसकी कद्र करना भी जरूरी है। मुझे 18–20 मुलकों में अध्ययने करके, रिसर्च पेपर्ज पढकर वहां के वि वविद्यालयों को देख कर इस बात का अनुभव हुआ है कि उनके सामान्य कालेज भी बहुत सी भारतीय यूनिवर्सिटीयों से बेहतर अवस्था में हैं। इसका कारण यही है कि हम उस दि ाा में ठीक ढंग से काम नहीं कर पाए हैं जिस ढंग से काम होने चाहिएं। मैं मानता हूं कि धन की कमी है और किसी भी वाईस चांसलर को पैसे बरबाद करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मैं यह भी मानता हूं कि कई बार गलत आदमी भी वाईस चांसलर लग जाते हैं। मैंने पिछली बार भी एक बात कही थी कि एक वाईस चांसलर ने किसी इम्पलाई को कन्फर्म करते समय फाईल पर नीचे लिख दिया कि कन्फर्मड फार थ्री मन्थस। उसको यह भी नहीं पता था कि कर्मचारी केवल तीन महीने के लिए कन्फर्म होता है या आने वाली सारी सर्विस के लिए कन्फर्म होता है। लेकिन उसने लिख दिया कि तीन महीने के लिए कन्फर्म किया जाता है तथा नीचे दस्तखत भी कर दिये। इसलिए जब ऐसी स्थिति हो जाती है तो हमें वाईस चांसलर की नियुक्ति की पद्धति को ही बदलना चाहिए। आज किसी पार्टी की सरकार है, कल को किसी और पार्टी की सरकार हो सकती है। इसलिए हमें ऐसी मर्यादाएं बनानी चाहिएं ऐसे नियम बनाने चाहिएं जिससे गलत काम न हो पाए। वाईस चांसलर लगाने के लिए यू0जी0सी0 से वि ोशज्ञों की लिस्ट ली जा सकती है और उसमें से उनको लगाया जा सकता है। स्पीकर सर, मैं जिस मुददे की तरफ ध्यान

दिलाना चाहता हूं वह यह है कि महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी के एक्ट में हम जो सं ाोधन कर रहे हैं, उसका सैक ान 9 ऐफ, नौन क्रिये ान आफ टीचिंग एंड नोन टीचिंग पोस्ट के बारे में है। इससे आगे 11 ए डिसीजन आफ एग्जैक्टिव काउंसिल कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी है जो 12ए और 10 ए के रूप में है। मैंने इसमें यह निवेदन करना है कि हमारे दोना वि वविद्यालयों में जो डिसीजन मेकिंगब बाडी है, एग्जैक्टिव कौंसिल है, उसके पास जो आर्थिक मसले आते हैं, वे पहले फाइनैंस कमेटी में पास करने के बाद लाये जाते हैं। इन दोनों जगहों पर सीनेट नहीं, कोर्ट है। कोर्ट डैलिबरेटिंग बौडी है, डिसीजन मेकिंग बाडी नहीं है लेकिन एग्जक्टिव कौंसिल में यूनिवर्सिटीज के डीनस हैं, यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हैं, और प्रिसींपल और चांसलर द्वारा नियुक्त किए गए चार चार प्रतिनिधि हैं जो अपने अपने क्षेत्रों में बहुत महत्व रखते हैं, और सरकार के भी कुछ नुमाइन्दे हैं, इसलिए वह एक बहुत अच्छी बाडी हैं अगर इमरजैंसी पावर्स वाइस चांसलर से ली जाती हैं या कम की जाती हैं तो मैं उसका समर्थन इस नाते करूंगा कि वे कई कई महीने तक वाइस चांसलर की मीटिंग नहीं बुलाते हैं और जब एग्जैक्टिव कौंसिल की मीटिंगे होने लगती है तो 80 फीसदी आइटम्ज ऐसी होती है जिन पर पहले से अंडर इमरजैंसी पावर एक ान ले लिए होते हैं और अगर बाद में उनका विरोध किया जाए तो बुरा न किया जाए तो बुरा। मैं पिछले 22 साल से एक चुने हुए प्रतिनिधि के रूप में पंजाब वि वविद्यालय से संबंधित हूं। जैसे हरियाणा में एग्जैक्टिव कौंसिल है, वैसे ही यहां एक

सिंडीकेट है। सिंडिकेट की मीटिंग हर महीने होती है, लेकिन हरियाणा की यूनिवर्सिटी में एग्जैक्टिव काउंसिल की मीटिंग कई कई महीने तक नहीं होती, इसलिए ऐसी स्थिति पैदा होती है। लेकिन जो आर्थिक मसला है, उस पर जब आपने यह बात लिख ली है कि कोई पोस्ट क्रिएट नहीं की जा सकेगी, कोई ग्रेड नहीं दिया जा सकेगा, जब तक सरकार से पहले उसकी मंजूरी न ले ली जाए। जब यह बात हम लिख चुके हैं तो उसके बाद जो एग्जैक्टिव कौंसिल के डिसीजन के बारे में यह लिखा है—

"Any decision of the Executive Counicl in the matters involving additional financial liabilty and those relating to the annual budget of the University shall hold good only if atleast one representative of the Govt. is present at the time of taking such decision and has consented to that decision."

मेरा आब्जैक ान इस कंसेटिड टु दि डिसीजन से है, मौजूदा होनेा उसका फर्ज बनता है क्योंकि उससे एक दिन पहलें एजेन्डा जाता है जिसके अन्दर ज्यादा पैसे की समस्या होती है, वह मसला तो पहले फाइनैंस कमेटी के पास किए बिना एग्जैक्टिव कमेटी पास ही नहीं कर सकती। वहां सरकार के नुमाइन्दे हैं, वहां फाइनैंस महकमे का व्यक्ति भी है, वहां ि ाक्षा विभाग का व्यक्ति भी है लेकिन उसके बावजूद अगर कोई छोटा मोटा काम भी एग्जैक्टिव कौंसिल करना चाहें, जैसे कोई पार्ट टाइम लैक्चरर लेना है, कोई छोटे मोटे इनाम की बात है, कहीं बाहर आने जाने

में किसी का खर्च यूनिवर्सिटी ने देना है, उसकी कोई बात है, उसके लिए अगर यह बात कर दी जाएगी तो मैं समझता हूं कि एग्जैक्टिव काउंसिल को हम जीरो कर देंगे, उसको कोई महत्व नहीं रहेगा। यूनिवर्सिटी अभी भी सरकार के महकमे के तौर पर नहीं चलाई जा सकती। यूनिवर्सिटी एक आटोनोमस बौडी है। यूनिवर्सिटी के अन्दर हर प्रकार के एक्सपैंरीमैंटस जो इन्सान के लिए जरूरी है, किए जाने नितान्त आव यक है। इसका मतलब यह हुआ कि सरकार का एक आफीसर ज्यादा कीमती है, समूची एग्जैक्टि कौंसिल की वह कीमत नहीं है, एक आफीसर की ज्यादा कीमत है। जिस वाइस चांसलर ने यूनिवर्सिटी चलानी है, उसकी वह कीमत नहीं, जिसको प्रति कुलपति लगाया है, उसकी कोई कीमत नहीं है। इसलिए यह लाइन बिल्कुल बेकार है और यूनिवर्सिटी के उन लोगों का जो एग्जैक्टि कौंसिल में बैठते हैं बहुत बडा अपमान है। सरकार का इससे कोई परपज सिद्ध नहीं होगा। जब आपने ग्रेडस के बारे में जब आपने नयी पोस्टों की टीचिंग और नान टीचिंग पोस्टस के क्रिए ान के बारे में बात कह ली, तो उसके बाद एग्जैक्टिव कौंसिल के निर्णय के बारे में इस लाइन को जोडने का कोई अर्थ नहीं बनता। उससे हम यूनिवर्सिटी की जो भाोभा है, उसे नीचे लाएंगे। मैं केवल मात्र एक वाक्य और कहना चाहता हूं। बहुत सी रिसर्च स्कीम जिनके बारे में एक आदमी तीस तीस चालीस चालस साल रिसर्च करने के बाद, चालीस चालीस साल यूनिवर्सिटी में अपना विशय पढाने के बाद मु कल से अपनी स्पेसिलाईजे ान के बारे कुछ जान पाता है,

उस पर कोई दूसरा आदमी कोई डी0एच0ई0 जिसके पास एक महकमा है, कल दूसरा महकमा, तीसरा महकमा, और चौथा महकमा है, मैं नहीं समझ पाता कि ओवर नाइट इतना ऐक्सपर्ट हो जाता है जितना कोई आदमी तीस चालीस साल यूनिवर्सिटी में रह कर और विदे ा की यूनिवर्सिटी में सीखने के बाद भी नहीं सीख पाता। इसलिए इस लाइन को जोडने से सिवाए इसके यूनिवर्सिटी की आटोनौमी पर चोट पडेगी। सिवाए इसके कि यूनिवर्सिटी के लोगों का स्थान एक सरकार अफसर से नीचे चला जाएगा, सिवाए इसके कि सरकारीकरण हो जाएगा, यूनिवर्सिटी की जो अपनी इंडिपैन्डैंस है, एकेडैमिक इंडिपैंडेन्स है, वह मर जाएगी, इसका कोई लाभ नहीं होगा। मैं यह समझता हूं कि जब आपने क्रिए ान आफ पोन्टम के लिए सरकार की मंजूरी जब आपने ग्रेड की रिविजन के लिए सरकार की मन्जूरी का विधान कर दिया है तो उसके बाद यह निर्णय एग्जैक्टिव कौंसिल के बारे में कह रहे हैं, उस एक लाइन को हमें जरूरी वापिस ले लेना चाहिए। उससे भी उतना ही परपज सर्व होगा, वापिस ले लेने के बाद जितना हम किसी और ढंग से सर्व करना चाहते हैं। आपने समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

प्रो0 राम बिलास भार्मा (महेन्द्रगढ): स्पीकर साहब, जब हमारी माननीय बहिन भाान्ति राठी जी को ि ाक्षा विभाग मिला तो हरियाणा में उम्मीद जगी थी कि जो स्वयं ि ाक्षक रही हैं अतः अब ि ाक्षक का सम्मान बढेगा। लेकिन स्पीकर सर, यह जो बिल

बहन जी लेकर आई हैं उसके आबजैक्टस में एक तरफ तो कह रहे हैं कि यूनिवर्सिटीज को स्टेट गवर्नमैंट फाइनैंस करती है, यू0जी0सी0 फाइनैंस करती है और नई पोस्टस क्रिएट हो जाती हैं, फैकल्टी क्रिएट हो जाती है, to keep the restraint on the financial aspect of the functioning of the University. एक तरफ तो आब्जैक्टस में यह कह रहे हैं स्पीकर सर, आप तो ि ाक्षा संस्था चला चुके हैं और बडी सफलता से चला चुके हैं। ि ाक्षा इतना महत्वपूर्ण सबजैक्ट है लेकिन पता नहीं हरियाणा में क्यों इसे गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं। दुर्भाग्य से, दो तीन हमारे यहां यूनिवर्सिटीज हैं जिनमें कभी तो कोई फौजी अफसर लाकर उन बच्चों की छाती पर बैठा देते हैं और कभी कोई मनपसन्द का जो आदमी हो, उसको बिठा देते हैं। स्पीकर साहब, दुनिया में और हिन्दुस्तान के बाकी प्रान्तों में भी जो वि ववविद्यालय का काम है, उसमें ज्यादातार उप कुलपति जो लगे हैं वे ि ाक्षा विद लगे हैं। डा0 राम प्रका ा वे तो खुद प्रोवाइस चान्सलर रह चुके हैं। वे अथौरिटी हैं, कुरूक्षेत्र में भी और पंजाब यूनिवर्सिटी की सिनेट में, वे मेरे साथ मैम्बर भी रहे। स्पीकर सर, अगर बहन जी इसमें यह प्रोवीजन करती, एक क्लाज इसमें यह लेकर आती कि आने वाले समय में हम हरियाणा में यूनिवर्सिटीज का वाइस चांसलर कोई ऐसा आदमी नहीं लगाएंगे जो ि ाक्षाविद न हो, तो अच्छा होता। स्पीकर सर, एक आदमी सारी जिन्दगी तो गोली चलाना सीखाता रहे और परेड करवाता रहे और फिर यूनिवर्सिटी का संचालन करे, यह कहां तक न्याय संगत बात है। अगर यूनिवर्सिटी में कोई

ि ाक्षाविद लगे, इस तरह की कोई क्लाज लाते तो मैं उसका स्वागत करता। यूनिवर्सिटी का जितना महत्व कम होगा उतना ही दे ा के लिए घातक होगा। (ाोर एवं व्यवधान)। मैं तो कुल मिलाकर जो आज के हालात हैं वह सदन के सामने ज्यों के त्यों रख रहा हूं यूनिवर्सिटी में रोज गोली चल रही हैं। वहां पर छात्रों की पढाई तो होती नहीं है, बाकी वहां सब कुछ होता है। स्पीकर साहब, एक तरफ तो स्टेट गवर्नमैंट चाहती है कि अमन रहे और प्रान्त में व्यवस्था रहे और दूसरी तरफ हम अपने नौजवानों को अच्छे संस्कार नहीं दे रहे हैं, जवानों को हम चैनेलाइज नहीं कर रहे हैं। नौजवानों की ताकत का कहीं उपयोग नहीं कर रहे हैं और उनको कोई दे ाभक्ति के संस्कार नहीं दे रहे हैं। स्पीकर सर, इस विशय को बहुत गम्भीरता से लेना चाहिए था। यूनिवर्सिटीज के ऊपर जितना कर्बज लगाएंगे उतनी ही दे ा के लिए खराब बात होगी। आज हर स्टेट गवर्नमैंट यह चाहती है कि जसे मैं चाहूं, यूनिवर्सिटी चले और जिसको मैं चाहूं, वाईस चांसलर लगे। स्पीकर साहब, एक तरफ तो ये कह रहे हैं –

"The Vice Chancellor may, if he is of the opinion that immediate action is necessary on any matter, exercise any power if he feels conferred on any authority of the University BY OR UNDER THIS ACT, AND SHALL REPORT TO SUCH AUTHORITY, THE ACTION TAKEN BY HIM ON SUCH MATTER IN THE FOLLOWING MEETING."

Speaker Sir, on the other hand, they say-

"Executive Council within one month from the date on which decision on such action is communicated to him and thereon the Executive Counsil may confirm or modity or reverse the action taken by the Vice-Chancellor."

Speaker Sir, what type of this contradiction ? The bill in itself is contradicatory. आज स्पीकर साहब, इसकी कोई आव यकता नहीं थी, दूसरी तरफ आप इस पर चैक लगा रहे हैं। यह जो यूनिवर्सिटी हैं, अगर आप इसको सरकार का विभाग बनाकर के चलाना चाहेंगे तो इससे एक बात और होगी। आप वाईस चांसलर का प्रोवीजन भी कर रहे हैं, प्रो वाईस चान्सलर का प्रोवीजन करने जा रहे हैं और ऐग्जीक्यूटिव कौंसिल को इन इफेक्टिव भी बना रहे हैं। इससो जो आर्थिक भार है वह आपके स्टेट ऐक्सचैक्कर पर पडेगा। इसलिये मैं तो बडी ही ईमानदारी से कहना चाहता हूं कि आज के हालात में इस प्रोपोजल की कोई जरूरत नहीं है। आप यूनिवर्सिटीज में बडे अच्छे वाईस चान्सलर्ज लगाईये। स्पीकर साहब, हर सै ान में एक क्लाज जोड देना, कोई अच्छी बात नहीं है। जैसे इस बिल में प्रोवीजन किया है कि अगर यूनिवर्सिटी कोई नई पोस्ट क्रिऐट करना चाहती है, तो वह सरकार की ऐप्रूवल लेकर की जाएगी। ऐसा करने से यूनिवर्सिटी की स्वायत्ता समाप्त होगी। मैं कहता हूं कि हमारे कई आई0ए0एस0 अफसर हैं, जो ि ाक्षा जगत में प्रसिद्ध हैं। और उनको ऐकेडेमिक कैरियर भी बहु त अच्छा है। उनमें कई अच्छे अच्छे कवि भी हैं। आज बहिन भाकुन्तला जाखू जो इस विभाग को देख रही हैं, उनके पति भी बडे गजब के कवि हैं। भाायद

आई0ए0एस0 में उन जैसा गजब का कवि नहीं होगा, लेकिन सारे आई0ए0एस0 अफसरों की भूमिका इस तरह की नहीं होती। वे सारे ि ाक्षा की पेचीदगियों को नहीं समझते। उनको तो अपने मालिकों को राजी करने के लिये सब कुछ करना ही पडता है। कई बार हमारे ब्यूरोक्रेटस का बीहेवअर देख करके बडा दुःख होता है। अब आई0ए0एस0 की ऐब्रीवीए ान को भी लोग यह लिखने लगे हैं 'आई ऐग्री सर'। आई0ए0एस0 की पोस्टें इसलिये बनायी गई थीं कि ये राजनीतिज्ञों को सही सलाह म ाविरा देंगे। मैं यही कहता हूं कि बहन जी, अभी भी समय है इन दोनों बिलों को वापिस ले लें, कहीं हम सब को दोबारा न पढना पडे। कम से कम हम आने वाली बिरादरी को यह तो कह सकेंगे कि हम कोई प्रोपोजल ऐसी नहीं लाए जो ि ाक्षक के सम्मान को घटाएं और यूनिवर्सिटी के ऊपर कोई जबरदस्ती नियन्त्रण थोंपे। धन्यवाद।

श्री ओम प्रका ा बेरी (बेरी): अध्यक्ष महोदय, महर्शि दयानन्द वि ववविद्यालय (सं ाोधन) विधेयक, 1993 व कुरूक्षेत्र वि ववविद्यालय (सं ाोधन) विधेयक, 1993 में तरमीम करने के लिये यह बिल लाया गया है। इस संबंध में खास तौर पर मुझे दो धाराओं के बारे में आबजैक ान है, जिन पर मैं सुझाव भी देना चाहता हूं। स्पीकर साहब, वैसे तो हमारे दे ा में ि ाक्षा पद्धति काफी त्रुटिपूर्ण है। ि ाक्षा पर एक रेजोल्यू ान आया था, तो उस पर बहुत से विधायकों ने सुझाव दिये थे कि हमें अपनी ि ाक्षा प्रणाली में सुधार करना चाहिये लेकिन अब इन दोनों बिलों में

अमैंडमैंट लाई जा रही है। यूनिवर्सिटी की द ाा पहले ही बहुत खराब है, ि ाक्षा ठीक नहीं है, लडाई झगडे बहुत होते हैं। अगर हम इनकी आटोनामी को खत्म कर देंगे, उनकी स्वायत्ता पर अंकु ा लगा देंगे तो ये सरकार का एक विभाग बन कर रह जाएंगी। मैं अनुरोध करूंगा कि जिस तरह से कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी के एक्ट में सैक ान 10ए नई धारा को इन्सर्ट किया जा रहा है, जिसके अनुसार यह कहा जा रहा है कि गवर्नमैंट का कोई भी नोमिनी एग्जैक्टिव कौंसिल के डिसीजन को एक्सप्ट नहीं करता है तो उसका डिसीजन नहीं माना जाएगा। यह गलत बात होगी। तो इससे, जब सरकार चाहे उसका अंकु ा लगा रहेगा, उसके फाइनैं ि ायल मैटर्ज में नहीं बल्कि रोजमर्रा के कामों में दखलअन्दाजी रहेगी। स्पीकर साहब, आज सरकार हमारी है, कल को किसी और की भी हो सकती है लेकिन आज हमें ि ाक्षा के साथ इतना क्रूर मजाक नहीं करना चाहिये। इसी तरह से महर्शि दयानन्द वि ववविद्यालय के ऐक्ट में सैक ान 11–ए को इंसर्ट किया जा रहा है। वह भी उसी लाईन पर है। मैं सरकार को सुझाव दूंगा कि उसको सरकार वापिस ले और यूनिवर्सिटी की स्वायत्ता पर किसी भी प्रकार का अंकु ा न लगाए। अगर कोई वी0सी0 ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है तो उसको हटाएं। अच्छे आदमी जो ि ाक्षा भाास्त्री हो, उनको लगाएं ताकि ि ाक्षा का काम ठीक ढंग से चल सके। ि ाक्षा एक जरूरी चीज है और अगर हम ि ाक्षा ठीक ढंग से नहीं देंगे तो यह हमारे हित में नहीं होगा। इसलिए ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। धन्यवाद।

प्रो0 छत्तर सिंह चौहान (मुंढाल खुर्द): स्पीकर साहब, महर्शि दयानन्द यूनिवर्सिटी और कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी के बारे में बहिन जी जो दो बिल लाई हैं, उन पर मैं अपने विचार व्यक्त करने के लिए खडा हुआ हूं। मैं आपके द्वारा बहिन जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे राजनीति में बाद में आई हैं और उनकी पृश्ठभूहिम एक अध्यापिका की है। स्पीकर साहब, बडी प्रसन्नता की बात है कि आप इस सदन के अध्यक्ष भी हैं और हरियाणा के महान ि ाक्षा भाास्त्रियों में से हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि पिछले अनुभवों को देखते हुए चाहे कोई भी यूनिवर्सिटी हो, एम0डी0यू0 हो, कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी हो या हरियाणा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी हो, अगर वहां कोई महान ि ाक्षाविद वाईस चांसलर नियुक्त हो तो उसको हम खुला हाथ दें, वह किसी भी ढंग से अपना प्र ाासन चलाए। तो मेरे ख्याल में उस यूनिवर्सिटी का भला होगा। मैं इस विरोध में नहीं हूं कि वहां पर कोई आई0ए0एस0 अफसर न जाए और यह भी नहीं होना चाहिए कि आई0ए0एस0 अफसर ए टू जैड को आप वाईस चांसलर बना दें। जिनकी एजूके ान में बहुत अच्छी बैक ग्राउंड है उनको जरूर लगाएं। आपने इस बिल में एक क्लाज लगा दी कि कोई भी पोस्ट उनको बनानी हो तो उसके लिए पहले गवर्नमैंट से क्लीयरैंस लेनी होगी। स्पीकर साहब, हरियाणा के एजूके ान डिपार्टमैंट ने 1986 से आज तक सरकारी और गैर सरकारी कालेज में एक पोस्ट भी नहीं भरी। आज सात साल के बाद उन कालेजिज में स्टुडेंटस की संख्यापांच गुना बढ गई है। लेकिन टीचर्ज की संख्या वही पुरानी है। यह

बहन जी के महकमे की बात है, वे ही बता दें कि उन्होंने आज तक कितनी पोस्टें भरी हैं। अगर वाईस चांसलर के ऊपर यह बात आएगी कि वह कोई पोस्ट आई0ए0एस0 अफसर से पूछ कर भरेगा तो यूनिवर्सिटभ्ज में अ ाान्त वातावरण पैदा होगा। फर्ज करो कोई पोस्ट न बनाने की वजह से स्टुडैंटस की पढाई का नुकसान होता है तो वहांपर स्टुडैंटस रोज हडताल करेंगें। अगर आपके सैक्रैटरी या चीफ सैक्रैटरी किसी पोस्ट को बनाने की इजाजत न देंगे तो यह स्टुडैंटस के जीवन के साथ एक तरह की होली खेजी जाएगी। तो स्पीकर साहब, मेरा आपके द्वारा ि ाक्षा मन्त्री महोदया से अनुरोध है कि वे इसको प्रैस्टिज इ ू न बनाएं और इन बिलों को वापिस ले लें। दूसरे, हमारे यहां दो यूनिवर्सिटीज हैं। कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी में तो एक प्रोवीजन है कि दो प्रतिनिधि प्राइवेट कालेजिज के कोर्ट के सदस्य होंगे लेकिन एम0डी0यू0 में ऐसा नहीं है। इसी प्रकार से कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी में स्टुडैंटस का कोई प्रतिनिधि नहीं जबकि एम0डी0यू0 में है। तो मैं आपके द्वारा मन्त्री महोदया से जानना चाहता हूं कि ऐसा क्यों हे, दोनों यूनिवर्सिटीज में एक सा होना चाहिए। यानी दोनों में स्टुडैंटस को भी रिप्रजैटे ान मिले और प्राइवेट कालेजिज के मैम्बर्ज को भी मिले। मैं आखिर में एक बार फिर ि ाक्षा मन्त्री महोदया को ध्यान आकर्शित करना चाहूंगा और उनको याद दिलाना चाहूंगा क्योंकि ये अध्यापिका पहले हैं और मिनिस्टर बाद में। मिनिस्टरी से तो वे कल चली जाएंगी लेकिन अध्यापिका वाली बात रहेगी। इसलिए उनको यह बिल वापिस ले लेना चाहिए।

Mr. Speaker: Question is-

That the Maharshi Dayanand University (Amendment) Bill be into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will consider the Bill clause by clause.

Clause 2 to 5

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 2 to 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is-

That the Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is-

That the Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, the Education Minister to move that the Bill be passed.

ि ाक्षा मंत्री (श्रीमती भाांति देवी राठी): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूं :–

कि बिल पास किया जाए।

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Bill be passed.

Mr. Speaker: Question is-

That the Bill be passed.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Question is-

That the Kurukshetra University (Amendment) Bill be into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will consider the Bill clause by clause.

Clause 2 to 5

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 2 to 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is-

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is-

That the Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is-

That the Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, the Education Minister to move that the Bill be passed.

ि ाक्षा मंत्री (श्रीमती भाांति देवी राठी): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूं :–

कि बिल पास किया जाए।

वाक आउट

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, ि ाक्षा मन्त्री महोदया ने हमारी बातों का कोई जवाब नहीं दिया, इसलिए हम वाक आउट करते हैं।

श्री बंसी लालः स्पीकर साहब, हम एज ए प्रोटैस्ट वाक आउट करते हैं।

प्रो0 राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, माननीय ि ाक्षा मन्त्री जी ने हमारी किसी भी बात का जवाब नहीं दिया, इसलिए मैं भी एज ए प्रोटैस्ट वाक आउट करता हूं।

(इस समय भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा विकास पार्टी तथा जनता पार्टी के सभी उपस्थित सदस्य सदन से वाक आउट कर गए।)

दि कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1993 (पुनरारम्भ)

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Bill be passed.

Mr. Speaker: Question is-

That the Bill be passed.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now, the House stands adjourned sine die.

***16.39 P.M.**

(The Sabha then adjourned* sine-die).